उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-20 /07/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/05-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 08 मई, 2026

## शुद्धि-पत्र

उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/ सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के रिक्त 929 पदों पर चयन हेतु आयोग द्वारा **विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2026, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/ सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/06 के अंतर्गत** कुल रिक्त 929 पदों पर चयन हेतु दिनांक 20-03-2026 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया है । उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि 21-04-2026, ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 11-05-2026 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 18-05-2026 निर्धारित है।

विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2026, **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/ सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/02** के बिन्दु संख्या-04 में यह उल्लिखित है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। तदनुक्रम में पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त निम्नलिखित सारणी में उल्लिखित विभागों के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/ सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के रिक्त 636 पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अब संशोधित कुल रिक्त 1565 पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

### 1-प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 1 | निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 89 | 47 | 04 | 60 | 22 | 222 | अस्थायी |
| 2 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 28 | 13 | 01 | 20 | 06 | 68 | स्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 3 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | -- | 00 | 01 | 03 | -- | 04 | स्थायी |
| 4 | मत्स्य निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400, वेतन बैण्ड-2, ग्रेड- पे 4200 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 | स्थायी व अस्थायी |
| 5 | मत्स्य निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400, वेतन बैण्ड-2, ग्रेड- पे 4200 | -- | 04 | 00 | 05 | -- | 09 | स्थायी |
| 6 | नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 वेतन बैण्ड-2, ग्रेड-पे 4200 | 04 | 00 | 00 | 04 | 00 | 08 | स्थायी व अस्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 7 | नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 वेतन बैण्ड-2, ग्रेड-पे 4200 | -- | 01 | 00 | 00 | -- | 01 | स्थायी व अस्थायी |
| 8 | संस्थागत वित्त, बीमा और बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 04 | स्थायी |
| 9 | संस्थागत वित्त, बीमा और बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | -- | 00 | 00 | 02 | -- | 02 | स्थायी |
| 10 | उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 9300, वेतनमान (अधिकतम):34800 ग्रेड- पे 4200/- | 04 | 02 | 00 | 02 | 00 | 08 | स्थायी |
| 11 | उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 9300, वेतनमान (अधिकतम):34800 ग्रेड- पे 4200/- | - | 02 | 00 | 01 | - | 03 | स्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 12 | मूल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400, वेतन बैण्ड-2, ग्रेड-पे - 4200 | 05 | 03 | 00 | 03 | 01 | 12 | स्थायी |
| 13 | मूल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400, वेतन बैण्ड-2, ग्रेड-पे - 4200 | -- | 03 | 00 | 00 | -- | 03 | स्थायी |
| 14 | कार्यालय दुग्ध आयुक्त, दुग्धशाला विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 04 | स्थायी |
| 15 | समाज कल्याण विभाग निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 04 | स्थायी |
| 16 | उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 | स्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 17 | परिवहन आयुक्त कार्यालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | स्थायी |
| 18 | स्टेट ट्रान्सफार्मेशन कमीशन (यूपी) | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 03 | 01 | 00 | 01 | 00 | 05 | स्थायी |
| 19 | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | स्थायी |
| 20 | राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 08 | 02 | 00 | 03 | 01 | 14 | स्थायी व अस्थायी |
| 21 | कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 9300, वेतनमान (अधिकतम): 34800 | 56 | 30 | 03 | 37 | 14 | 140 | स्थायी |
| 22 | कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 9300, वेतनमान (अधिकतम): 34800 | -- | 02 | 00 | 03 | -- | 05 | स्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 23 | परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | 10 | 06 | 00 | 06 | 02 | 24 | स्थायी |
| 24 | परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) (विशेष चयन) | लेवल-6, वेतनमान (न्यूनतम): 35400, वेतनमान (अधिकतम): 112400 | -- | 76 | 08 | 03 | -- | 87 | स्थायी व अस्थायी |

**2-प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी नि:शक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक नि:शक्तता, विशिष्ट अधिगम नि:शक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु नि:शक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक नि:शक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 1 | निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 04 | 03 (B., L.V.) | 03 (D., H.H.) | 02 (Dw.) | -- | -- | 11 | 44 | 04 |
| 2 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 01 | 01 (L.V.) | 01 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., Dw., A.A.V., L.C.) | -- | -- | 03 | 13 | 01 |

21/12/21

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी नि:शक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक नि:शक्तता, विशिष्ट अधिगम नि:शक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु नि:शक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक नि:शक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 3 | उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., Dw., A.A.V., L.C.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 4 | मत्स्य निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 5 | मत्स्य निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 6 | नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (B., L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., O.A.L., B.L.) | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 7 | नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | 00 (B., L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., O.A.L., B.L.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 8 | संस्थागत वित्त, बीमा और बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 9 | संस्थागत वित्त, बीमा और बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) (विशेष चयन) | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी नि:शक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक नि:शक्तता, विशिष्ट अधिगम नि:शक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु नि:शक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक नि:शक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 10 | उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.L., B.L., L.C., Dw., A.A.V., M.Dy.) | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 11 | उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.L., B.L., L.C., Dw., A.A.V., M.Dy.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 12 | मूल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (D., H.H.) | 00 (O.A., O.L., L.C., Dw., A.A.V.,) | -- | -- | 00 | 02 | 00 |
| 13 | मूल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (D., H.H.) | 00 (O.A., O.L., L.C., Dw., A.A.V.,) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 14 | कार्यालय दुग्ध आयुक्त, दुग्धशाला विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 15 | समाज कल्याण विभाग निदेशालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., Dw., A.A.V.,) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 16 | उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | 00 | 00 (B., L.V.) | 00 (D., H.H.) | 00 (O.A., O.L., L.C., Dw., A.A.V.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी नि:शक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक नि:शक्तता, विशिष्ट अधिगम नि:शक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु नि:शक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक नि:शक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 17 | परिवहन आयुक्त कार्यालय | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., L.C., Dw., A.A.V.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 18 | स्टेट ट्रान्सफार्मेशन कमीशन (यूपी) | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (D., H.H.) | 00 (O.L., B.L., M.Dy., L.C., Dw., A.A.V.,) | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 19 | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (B., L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., Dw.) | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 20 | राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., L.C., Dw., A.A.V.) | -- | 00 (M.D.) | 00 | 02 | 00 |
| 21 | कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 02 | 02 (L.V.) | 02 (H.H.) | 01 (O.A., O.L., O.A.L, L.C., Dw., A.A.V., M.Dy.) | -- | -- | 07 | 28 | 02 |
| 22 | कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, लखनऊ | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (विशेष चयन) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., O.A.L, L.C., Dw., A.A.V. M.Dy.) | -- | -- | 00 | 01 | 00 |
| 23 | परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) | 00 | 00 (L.V.) | 00 (H.H.) | 00 (O.A., O.L., Dw., A.A.V.) | -- | -- | 01 | 04 | 00 |
| 24 | परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय) (विशेष चयन) | 01 | 01 (L.V.) | 01 (H.H.) | 01 (O.A., O.L., Dw., A.A.V.) | -- | -- | 04 | 17 | 01 |

## 3-दिव्यांगता की श्रेणी/ उपश्रेणी से सम्बन्धित विवरण

- B. (बी)- Blind (दृष्टिहीनता)
- L.V. (एल0वी0)-Low Vision (कम दृष्टि)
- D. (डी0)- Deaf (बधिर)
- H.H. (एच0एच0)- Hard of Hearing (श्रवण शक्ति में ह्रास)
- O.A. (ओ0ए0)- One Arm Affected (एक हाथ प्रभावित)
- O.L. (ओ0एल0)- One Leg Affected (एक पैर प्रभावित)
- O.A.L (ओ0ए0एल0)- One Arm and One Leg Affected (एक पैर और एक हाथ प्रभावित)
- B.L. (बी0एल0)- Both Legs Affected (दोनों पैर प्रभावित)
- L.C. (एल0सी0)- Leprosy Cured (रोगमुक्त कुष्ठ)
- Dw. (डीडब्लू0)- Dwarfism (बौनापन)
- A.A.V. (ए0ए0वी0)- Acid Attack Victims (एसिड आक्रमण पीड़ित)
- M.Dy. (एम0डीवाई0)- Muscular Dystrophy (पेशीय दुष्पोषण)
- M.D. (एम0डी0)- Multiple Disability (बहु दिव्यांगता)

## 4- अर्हता-

**अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)-** उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग सांख्यिकीय सेवा नियमावली, 2012 के भाग-4 नियम-11(1) के अनुसार सेवा में **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय)** के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की निम्नलिखित अर्हताएं होनी आवश्यक हैं-

**(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित या गणितीय सांख्यिकी या वाणिज्य या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।** *(समकक्ष अर्हता के संबंध में कार्मिक अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन से निर्गत शासनादेश संख्या-02/2024/1733973/47-का-2-2024, दिनांक-24-06-2024 अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित विज्ञापन में संलग्न **(संलग्नक-1)** है।)*

**(दो) डी०ओ०ई०ए०सी०सी० सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर में 'ओ' स्तरीय डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान में कम से कम एक वर्ष का डिप्लोमा।**

**(तीन) देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान।**

**अधिमानी अर्हता-** उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग सांख्यिकीय सेवा नियमावली, 2012 के भाग-4 नियम-12 के अनुसार अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जाएगा जिसने-

**(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या**

**(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो।**

## 5- आयु –

उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग सांख्यिकीय सेवा नियमावली, 2012 के भाग-4 नियम-10 के अनुसार सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें रिक्तियां विज्ञापित की जाय, **पहली जुलाई को 21 वर्ष** की आयु प्राप्त कर ली हो, किन्तु **40 वर्ष** की आयु प्राप्त न की हो:

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाय, के अभ्यर्थियों की दशा में, उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2026, दिनांक 20-03-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2026 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने/ शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि विस्तारित कर दी गयी हैं, जो निम्नवत हैं-

- ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि- **15-05-2026**
- शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि- **22-05-2026**

**ऐसे अभ्यर्थी जो प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष अपना आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके हैं एवं इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित किये जा रहे पदों पर आवेदन हेतु अर्ह एवं इच्छुक हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने व शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उनके द्वारा पूर्व में सबमिट किये गये आवेदन पत्र में ही आवेदन में संशोधन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने आवेदन पत्र को संशोधित करते हुए इस शुद्धि-पत्र में उल्लिखित पदों के सापेक्ष अपना विकल्प एवं समस्त आवेदित पदों के सापेक्ष संशोधित वरीयता अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।**

**यदि इस शुद्धि-पत्र के निर्गमन के पूर्व आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके किसी अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नवीन पदों हेतु विकल्प चयन एवं वरीयता का अंकन नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी का विचारण उसके द्वारा पूर्व में आवेदित पदों तथा वरीयता के अनुसार ही किया जाएगा। आयोग द्वारा आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि के उपरान्त इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित नवीन पदों व उनकी वरीयता के सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन अथवा दावा भविष्य में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।